Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 21-03-2006

Participants : Gangwar Shri Santosh Kumar

>

Title : Issue regarding functioning of Post Offices in Bareilly, Uttar Pradesh.

श्री संतोा गंगवार **आज सूचना के क्षेत्र में क्रांति हो रही है। देश के छह लाख गांवों में डाकघर ही सूचना** के आदान-प्र ादान का मुख्य आधार है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि ग्रामीण क्षेत्रों में डाकघरों की स्थिति बहुत खराब है। यह भी जानकारी में आया है कि कई ग्रामीण क्षेत्रों में डाकघर बंद किए जा रहे हैं। मैं अपने संसदीय क्षेत्र के संदर्भ में आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृट करना चाहता हूं कि वहां के कई गांवों में स्थित बहुत से डाकघरों को बंद किया जा रहा है। ऐसे ही सिंधौली एक बहुत बड़ा गांव है। कई बार लिखने के बाद भी वहां पर डाकघर नहीं खोला जा रहा है। इसके अलावा शहरों में बनने वाले नए क्षेत्रों में भी डाकघर की उचित व्यवस्था नहीं है, न ही सही स्थानों पर डाकघर खोले जा रहे हैं।

महोदय, मेरी मांग है कि गांवों में डाकघरों की उचित व्यवस्था की जाए तथा सही स्थानों पर डाकघर खोले जाएं। सरकार द्वारा इस तरफ समुचित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मेरी मांग है कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों की डाक व्यवस्था को सुधारने के लिए समुचित कदम उठाए।